# FAIR REPORT

THE DAWN OF A FEARLESS PEN

Jaipur, Saturday, 11 October 2025 | PRGI No. - T/RJ/BIL/00000020 | Vol 1 | Issue No.- 39 | Pages 04 | ₹3.00

# New Land Law Empowers RIICO, Expands Industrial Development Powers in Rajasthan

FAIR REPORT

**Jaipur:** In a significant move to accelerate industrial growth and streamline land management, the Rajasthan government has officially notified the Rajasthan Land Revenue (Amendment and Validation) Act, 2025. The newly enacted law grants expanded powers to the Rajasthan State Industrial Development and Investment Corporation (RIICO), enabling it to independently oversee land acquisition, planning, and sale processes in industrial zones across the state.

According to the notification, RIICO will now act as the primary authority for land-related decisions within designated industrial areas, reducing bureaucratic delays and simplifying investor procedures. The state government aims to make Rajasthan a more attractive destination for industries by ensuring faster project clearances and transparent land allotment policies.




Officials said the law would bring greater uniformity in land regulation and empower RIICO to develop industrial infrastructure more efficiently. "The amendment will remove procedural bottlenecks that have long hindered industrial expansion. It provides RIICO with the autonomy needed to develop and manage industrial estates in line with global standards," a senior official from the Industries Department said.

The decision comes amid Rajasthan's ambitious plan to boost manufacturing and attract large-scale investments in sectors such as renewable energy, cement, automotive components, and textiles. Over the past year, the state has witnessed a surge in proposals from domestic and international investors, particularly in the western and southern industrial belts.

Experts believe that empowering RIICO will also help in the smoother implementation of the Rajasthan Industrial Development Policy, which envisions the creation of new industrial corridors and smart industrial townships. The move is expected to improve the state's ranking in the Ease of Doing Business Index and reinforce its image as an industry-friendly destination.

However, some land rights activists have raised concerns about potential misuse of powers, urging the government to ensure transparency and fair compensation during land acquisition. They have called for strict oversight to balance industrial progress with the rights of local communities. With this legislative step, Rajasthan appears poised to position itself as one of India's leading industrial growth hubs, blending policy reform with proactive governance.

## Rajasthan Intelligence Arrests Alwar Man for Spying for Pakistan's ISI

### Suspect trapped through honeytrap, shared sensitive military information via social media

FAIR REPORT

**Jaipur,** October 10: In a major counter-espionage operation, the Rajasthan Intelligence Department has arrested Mangat Singh, a resident of Govindgarh in Alwar district, for allegedly spying for Pakistan's Inter-Services Intelligence (ISI). The arrest has been made under the Official Secrets Act, 1923, after investigators uncovered evidence of Singh transmitting sensitive military information to foreign handlers.

According to officials, the arrest follows heightened surveillance under "Operation Sindoor", an ongoing intelligence campaign to monitor strategically sensitive regions of the state. During routine monitoring, intelligence officers found Singh's activities suspicious, prompting a deeper probe into his communications and digital footprint.



Investigations revealed that Mangat Singh had been in contact with Pakistani handlers for nearly two years. He was reportedly honey-trapped by a female operative using the alias Esha Sharma on social media platforms. Under her influence and in exchange for money, Singh allegedly shared confidential information related to the Alwar Cantonment area and other strategically significant sites across India.

A technical examination of his mobile phone and electronic devices yielded crucial evidence, including messages, photos, and digital transactions linking him to the espionage network. Singh was interrogated at the Central Interrogation Center in Jaipur, where multiple intelligence agencies jointly questioned him before his formal arrest.

Officials have described Alwar as a district of high strategic importance due to its proximity to the National Capital Region (NCR) and the presence of key defense establishments. The Rajasthan Intelligence Department has intensified surveillance across all sensitive zones to preempt any future espionage attempts. Authorities emphasized that such cases highlight the growing threat of digital honeytraps being used by foreign intelligence agencies to compromise individuals with access to sensitive data. Singh remains in custody as investigations continue to trace the full extent of his connections and potential accomplices.

## Maha govt to set standards for app-based services under new rules: Minister

**Mumbai:** In a bid to bring in greater discipline, transparency and passenger safety in app-based transport services, including Ola, Uber and Rapido, the Maharashtra government, on Friday, promulgated the "Maharashtra Motor Vehicle Aggregator Rules, 2025, and Maharashtra Bike-Taxi Rules, 2025". The state government proposes to set new standards for all these app-based transport services. The state government has sought objections and suggestions from the people till October 17 and thereafter these draft rules will come into effect, the State Transport Minister Pratap Sarnaik said. "These new rules will make the relationship between aggregator companies, drivers, and passengers more transparent, and will bring significant changes in terms of fares, service quality, driver's rights and passenger safety.

## Commemorative coins, stamps of RSS available online

FAIR REPORT

**New Delhi,** The commemorative coins to mark the 100th anniversary of the Rashtriya Swayamsevak Sangh (RSS), issued by the Kolkata Mint, are available for purchase online through the official website, https://indiagovtmint.in/hi/product-category/kolkata-mint/. The government of India has launched special commemorative coins and stamps to mark the 100th anniversary of the RSS, a prominent socio-cultural organisation known for its contributions to national unity and service.

The announcement was made by the office of Finance Minister Nirmala Sitharaman via a post on X, highlighting the significance of the RSS' century-long journey of dedication and social impact. These coins, designed to honour the RSS' legacy, are expected to become cherished collectibles for enthusiasts and supporters alike. The special stamps, released alongside the coins, can be obtained at Philately Bureaus across the country, offering philatelists and the public a chance to own a piece of this historic milestone.

## Sextortion Gang Busted in Bhiwadi

### Woman and Two Accomplices Arrested for Blackmailing Victims Online



FAIR REPORT

**Bhiwadi:** In a major breakthrough, Alwar district police have busted a sextortion and honey-trap racket operating out of Bhiwadi, arresting three people, including a 26-year-old woman identified as Arfeena alias Simran. The gang allegedly trapped unsuspecting victims through social media and video calls before extorting money by threatening to leak their private videos online.

According to police officials, the accused gang members used fake social media profiles to lure men into online conversations. Once the victims were engaged in video calls, the accused recorded compromising visuals and later demanded large sums of money to prevent the videos from being circulated on the internet.

Superintendent of Police (SP) Alwar said, "We received multiple complaints about online blackmail and extortion from residents in the Bhiwadi area. Based on electronic surveillance and victim statements, our cyber team traced the suspects and carried out the arrests. The gang was operating in a highly organized manner, targeting businessmen and professionals." The police have recovered several mobile phones, laptops, and bank account details linked to the extortion transactions. Preliminary investigation suggests that the gang had blackmailed several victims over the past few months, extracting money through online payment apps. Investigators are now examining whether the group has connections with similar cybercrime networks operating across Delhi-NCR and neighboring states. Officials also suspect the involvement of more people who managed the technical and financial aspects of the racket. Authorities have urged citizens to remain cautious about online interactions and avoid sharing personal visuals or private information with unknown individuals. Cybercrime awareness campaigns are being intensified in the region as cases of sextortion continue to rise. The arrested accused have been booked under sections related to extortion, cybercrime, and criminal intimidation. They were produced before a local court and remanded to police custody for further interrogation.

# Can Shah Bano Happen Again — Even With Ram Mandir?

## A Constitutional Question the Congress Can No Longer Dodge



*Hemraj Tikam chand Tiwari*

*By Special Feature Desk*

FAIR REPORT

In 1985, the Supreme Court of India delivered a verdict that tested the moral fibre of Indian democracy. The Shah Bano case upheld a divorced Muslim woman's right to maintenance — a ruling grounded in the spirit of equality and constitutional justice.

Yet, that moral triumph was short-lived. Under political pressure, the then Congress government led by Rajiv Gandhi chose expediency over principle. By passing the Muslim Women (Protection of Rights on Divorce) Act, 1986, it effectively overturned the Supreme Court's judgment — placing appeasement above justice and setting a precedent that the will of Parliament could silence the wisdom of the judiciary. Four decades later, India stands at a similar crossroads of faith and law — but on a far mightier stage: the Ram Mandir at



Ayodhya. In 2019, a five-judge bench of the Supreme Court delivered a historic and unanimous verdict that resolved one of the most sensitive disputes in the nation's history. The court awarded the disputed land to Ram Lalla Virajman, recognizing both faith and evidence, and granted five acres elsewhere for a mosque. The verdict was accepted across communities, symbolizing closure, reconciliation, and national maturity. But the question now being whispered in drawing rooms and debated in quiet corridors is this:


Legally speaking, no. The Ram Janmabhoomi land has been lawfully transferred to the Shri Ram Janmabhoomi Teerth Kshetra Trust. The Supreme Court's judgment has been executed in full. There is no legal doorway left for reversal — neither by Parliament, nor by executive order. Yet, politics often finds paths where law finds none. History teaches us that when votes outweigh values, even the settled can be unsettled. That is why the question remains alive — not in the courts, but in the conscience of our polity.

Would a future Congress, if swayed by ideological compulsions or coalition arithmetic, ever attempt to revisit or reinterpret the Ayodhya verdict under the garb of "review" or "reconciliation"? The Congress owes the nation an answer. Because this is no longer about religion or temple — it is about the sanctity of the Supreme Court and the permanence of justice. India's democracy survives not merely on constitutional text, but on political intent. The Shah Bano chapter remains a scar — a reminder that even a secular state can stumble when principle bows to populism. The Ram Mandir verdict must never be allowed to meet the same fate. The people of India have moved on; the question is — has the Congress?

## Nobel Peace Prize goes to Maria Machado, Trump misses out

### Venezuelan opposition leader wins prize for promoting democratic rights

FAIR REPORT



**New Delhi:** The Norwegian Nobel Committee has decided to award the 2025 Nobel Peace Prize to Maria Corina Machado for her tireless work promoting democratic rights for the people of Venezuela and for her struggle to achieve a just and peaceful transition from dictatorship to democracy. The Nobel Committee stated that at a time when authoritarianism is on the rise and democracy is weakening in many parts of the world, the courage of people like Maria Machado inspires hope. The Committee stated, "Democracy is the prerequisite for lasting peace. When power suppresses the people through violence and fear, it becomes necessary to honor such courageous individuals." Machado founded the organization Sumate, which works for the betterment of democracy.

FAIR RAJASTHAN FAIR REPORT 02

## कफ सिरप से मौत, SMS में आग और रिश्वत मामले में जूली के आरोपों पर किया पलटवार



FAIR REPORT
जयपुर

राजस्थान में कफ सिरप से बच्चों की मौत, एसएमएस अस्पताल में आग लगने की घटना और अब वहां के एक प्रमुख डॉक्टर के रिश्वत में पकड़े जाने के मामलों ने सियासी गर्मी बढ़ा दी है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं पर उठाए सवालों के जवाब में राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ अरुण चतुर्वेदी ने पलटवार किया।

भाजपा कार्यालय पर शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में चतुर्वेदी ने कहा कि कांग्रेस किस स्वास्थ्य मॉडल की बात करती है? स्वास्थ्य व्यवस्था बिगाड़ने का काम तो कांग्रेस सरकार ने किया, जिसका परिणाम आज राजस्थान भुगत रहा है। पिछली कांग्रेस सरकार ने स्वास्थ्य को प्राथमिकता नहीं दी और एसएमएस अस्पताल जैसे संस्थानों पर लगातार बोझ डाला गया, जबकि नियमित रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया गया।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में बिगड़े सिस्टम को ठीक करने पर काम हो रहा है। राजस्थान में अगर अस्पतालों की संख्या बढ़ रही है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देन है। उन्होंने हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा की ताकि डॉक्टरों की कमी खत्म हो और स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हो सके। एसएमएस मेडिकल कॉलेज के एचओडी की गिरफ्तारी पर चतुर्वेदी ने कहा कि इसमें सरकार को दोष देने की जरूरत नहीं है। राजस्थान में ट्रैप का मामला पहली बार नहीं आया है। इससे पहले भी ऐसी कार्रवाई हुई है।

### शुरू हुई राजनीतिक गलियारों में चर्चा... रतनगढ़ दौरे के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया

# 'हमारा मुख्यमंत्री कैसा हो' वसुंधरा राजे ने कहा, कैसी हो', बोलो

FAIR REPORT
जयपुर

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे जहां भी जाती हैं, बीजेपी कार्यकर्ताओं की फौज उनके स्वागत में पहुंच जाती है। वहीं वसुंधरा राजे कई बार कुछ ऐसा कर जाती है, जो राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन जाता है। ऐसा ही वसुंधरा राजे ने रतनगढ़ में किया। दरअसल, बुधवार को वसुंधरा राजे का रतनगढ़ में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने 'हमारा मुख्यमंत्री कैसा हो' के नारे लगाए। इस दौरान वसुंधरा ने कार्यकर्ताओं को बीच में टोका। उन्होंने कहा कि नारे ये लगाओ, हमारी मुख्यमंत्री कैसी हो'। इस पर कार्यकर्ताओं ने यही नारा लगाना शुरू कर दिया।

दरअसल, बीजेपी कार्यकता पूर्व मुख्यमंत्री के स्वागत में पुष्पगुच्छ और पार्टी के दुपट्टे भेंट कर रहे थे। इस दौरान उत्साहित कार्यकर्ताओं ने पार्टी और राजे को लेकर नारे लगाना शुरू कर दिया।



### नारे में सुधार कर भाजपा कार्यकर्ता उनका बताया गया नारा लगाने लगे

इस दौरान बीजेपी कार्यकता 'हमारा मुख्यमंत्री कैसा हो' के नारे भी लगने लगे। थोड़ी देर इस नारे को सुनने के बाद वसुंधरा ने नारे लगवाने वाले कार्यकर्ता की ओर इशारा किया। कार्यकर्ता ने वसुंधरा की बात सुनी। इस दौरान वह नारे में सुधार करने की बात कहती नजर आई। उन्होंने कहा कि 'मुख्यमंत्री कैसा हो' की जगह 'कैसी हो' का नारा लगाएं। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने अपने नारे में सुधार करते हुए 'हमारी मुख्यमंत्री कैसी हो, वसुंधरा राजे जैसी हो' के नारे लगाए। बीकानेर से जयपुर जाते समय रतनगढ़ में राजे के अल्प प्रवास के दौरान पूर्व विधायक राजकुमार रिणवां के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया था। पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि के नेतृत्व में भी वसुंधरा राजे का दूसरी जगह स्वागत किया गया। इस तरह एक ही संगठन द्वारा दो अलग-अलग स्थानों पर उनका स्वागत किया गया।

### अंता विधानसभा उपचुनाव को लेकर तेज हुई सरगर्मी

# किसको दें टिकट, भाजपा में नहीं बन पा रही है एकराय

FAIR REPORT
जयपुर

अंता विधानसभा उपचुनाव को लेकर भाजपा में सरगर्मी तेज हो गई है। सीएम भजनलाल शर्मा और प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से उनके आवास पर मुलाकात की। तीन नेताओं के बीच अंता विधानसभा उपचुनाव को लेकर चर्चा हुई। अंता विधानसभा सीट वसुंधरा राजे के बेटे दुष्यंत सिंह के लोकसभा क्षेत्र में आती है। हाड़ौती अंचल को राजे का क्षेत्र माना जाता है। ऐसे में इस चुनाव से राजे की प्रतिष्ठा भी जुड़ी है। यही वजह है कि बीजेपी अभी तक अंता से प्रत्याशी घोषित नहीं कर पाई है। पार्टी चाहती है कि इस सीट पर राजे की राय को पूरा महत्व दिया जाए। इसी सिलसिले में विचार-विमर्श करने सीएम भजनलाल शर्मा और प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ राजे आवास पर पहुंचे।

#### वसुंधरा से मिले सीएम भजनलाल और मदन राठौड़



#### पूर्व मंत्री प्रभुलाल सैनी माने जा रहे सबसे प्रबल दावेदार

अंता सीट पर जातिगत समीकरण के लिहाज से पूर्व मंत्री प्रभुलाल सैनी पार्टी के लिए सबसे मुफीद है, लेकिन राजे उनके नाम पर राजी नही है। कभी प्रभुलाल सैनी को राजे समर्थक नेताओं में माना जाता था, लेकिन 2023 के विधानसभा चुनावों के बाद से स्थितियां बदल गई है। ऐसे में उनके नाम पर भी राजे को मनाने की कोशिश हो रही है। प्रभुलाल सैनी अंता सीट से पहले भी विधायक रह चुके हैं, लेकिन उनका भी बाहरी होने के चलते विरोध है।

#### कंवरलाल मीणा के परिवार से टिकट देना चाहती हैं राजे

अंता में कांग्रेस अपना प्रत्याशी घोषित कर चुकी है, लेकिन बीजेपी में अभी तक टिकट पर एकराय नहीं बन पाई है। इसकी वजह राजे को ही माना जा रहा है। राजे कंवरलाल मीणा के परिवार से टिकट देना चाहती हैं, लेकिन पार्टी में इस पर एकराय नहीं हैं। पार्टी स्थानीय नेता को पर विचार कर रही है। कंवरलाल झालावाड़ के मनोहरथाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। वहीं से विधायक रह चुके हैं। अंता में स्थानीय नेता उन्हें बाहरी मानते हैं। पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद गर्ग और नंदलाल सुमन भी दावेदारी पेश कर चुके हैं। वहीं कोर्ट से कंवरलाल मीणा को दोषी ठहराए जाने के बाद उनकी आपराधिक छवि से भी पार्टी बचना चाहती है।

## क्या नरेश मीणा को कांग्रेस से निष्कासित किया? वायरल लेटर को लेकर उठ रहे सवाल

FAIR REPORT
जयपुर

नरेश मीणा इन दिनों काफी सुर्खियों में है। हाल ही में वह अपने आंदोलन के लिए सुर्खियों में थे। वहीं अब अंता विधानसभा सीट पर उपचुनाव में ताल ठोकने को लेकर सुर्खियों में हैं। नरेश मीणा ने अंता सीट पर चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस से टिकट की मांग की थी। लेकिन कांग्रेस ने नरेश मीणा को फिर निराश किया है और प्रमोद जैन भाया पर फिर से भरोसा जताते हुए उम्मीदवार घोषित किया है। ऐसे में नरेश मीणा निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। इस बीच नरेश मीणा को लेकर एक खबर वायरल हो रही है कि उन्हें कांग्रेस से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। इसे लेकर एक लेटर भी वायरल हो रहा है।



#### फेक है वायरल लेटर

नरेश मीणा को कांग्रेस से निष्कासित करने वाला लेटर फेक है। क्योंकि जो लेटर जारी किया गया है वह एडिटेड है। जो 6 नवंबर 2024 को जारी किया गया था उससे छेड़छाड़ कर बनाया गया है। दरअसल देवली उनियारा सीट पर उपचुनाव के दौरान निर्दलीय चुनाव लड़ने को लेकर नरेश मीणा को कांग्रेस से निष्कासित करने का आदेश जारी किया गया था। वहीं कांग्रेस ने अभी ऐसा कोई आदेश जारी नहीं किया है।

#### नरेश मीणा अंता से लड़ने के लिए अडिग

नरेश मीणा पहली बार नहीं है जब वह कांग्रेस में रहते हुए निर्दलीय चुनाव लड़ा है। इससे पहले छबड़ा विधानसभा सीट पर 2023 में, 2024 में दौसा लोकसभा सीट और 2024 में देवली उनियारा सीट पर उपचुनाव के दौरान निर्दलीय चुनाव लड़ चुके हैं। अब एक बार फिर वह अंता विधानसभा सीट पर उपचुनाव लड़ने के लिए अपने फैसले पर अडिग है। माना जा रहा है कि नरेश मीणा अगर मैदान में उतरते हैं तो इससे बीजेपी और कांग्रेस दोनों को नुकसान होने वाला है। दूसरी ओर RLD ने नरेश मीणा से बातचीत करने की कोशिश की है।

### बिहार के बाद अब देशभर में SIR करवाएगा चुनाव आयोग

## पहले फेज में बंगाल, असम समेत 5 राज्य, इनमें अगले साल विधानसभा चुनाव

FAIR REPORT

**नई दिल्ली। (अम्बरीष पाण्डेय)** चुनाव आयोग (EC) बिहार के बाद अब देशभर में फेजवाइज स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी SIR (सामान्य शब्दों में वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन) करवाएगा। न्यूज एजेंसी PTI को चुनाव आयोग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। PTI के अनुसार, देश में SIR की शुरुआत उन राज्यों से होगी, जहां अगले साल 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में पहले फेज में असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट का वेरिफिकेशन होगा। दरअसल, चुनाव आयोग SIR के तहत वोटर लिस्ट की जांच करता है। आयोग के अनुसार, इसका उद्देश्य मतदाता सूची को अपडेट करना और अवैध मतदाताओं, जैसे विदेशी नागरिकों, मृत व्यक्तियों या स्थानांतरित लोगों को हटाना है। बिहार SIR: एक महीने में करीब 3 करोड़ वोटर्स का वेरिफिकेशन हुआ CEC बोले- सभी राज्यों में SIR पर काम चल रहा मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) ज्ञानेश कुमार ने 6 अक्टूबर को कहा था कि सभी राज्यों में SIR शुरू करने का काम चल रहा है। इसके रोलआउट पर अंतिम फैसला चुनाव आयोग लेगा। तीनों आयुक्त राज्यों के लिए SIR शुरू करने की तारीखों पर फैसला लेने के लिए मिलेंगे। बिहार विधानसभा चुनावों की घोषणा करते हुए CEC कुमार ने 24 जून को बिहार SIR शुरू करते समय अखिल भारतीय SIR की योजना की घोषणा की थी। चुनाव आयोग ने वोटर लिस्ट में विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के लिए 2 तरीके बताए... पहला: बूथ लेवल ऑफिसर (BLO) घर-घर, एक प्री-फील्ड फॉर्म गणना प्रपत्र (मतदाता की जानकारी और दस्तावेज) लेकर जाएंगे। दूसरा: कोई भी व्यक्ति चुनाव आयोग की वेबसाइट पर जाकर यह फॉर्म डाउनलोड करके उसे भर सकता है। स्क्रीनिंग के 4 नियम वोटर का नाम अगर 2003 की लिस्ट में है तो कोई दस्तावेज नहीं देना होगा। सिर्फ फॉर्म भरना होगा। 1 जुलाई 1987 से पहले जन्म हुआ है तो जन्मतिथि या जन्मस्थान प्रमाण देना होगा। 1 जुलाई 1987 से 2 दिसंबर 2004 के बीच जन्म हुआ तो जन्मतिथि और जन्मस्थान दोनों का प्रमाण देना होगा। 2 दिसंबर, 2004 के बाद जन्मे हैं तो जन्मतिथि, जन्मस्थान का प्रमाण और माता-पिता के दस्तावेज देने होंगे।

### नवीन आपराधिक विधियों के क्रियान्वयन को एक वर्ष पूर्ण

## जेईसीसी जयपुर में लगेगी भव्य प्रदर्शनी, 13 अक्टूबर को करेंगे उद्घाटन अमित शाह

FAIR REPORT

**जयपुर।** देश की आपराधिक न्याय प्रणाली में ऐतिहासिक बदलाव लाने वाली तीन नई आपराधिक संहिताओं के लागू होने का एक वर्ष पूरा होने पर राजधानी जयपुर में एक भव्य प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। यह प्रदर्शनी 13 से 18 अक्टूबर, 2025 तक सीतापुरा स्थित जयपुर एग्ज़िबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (JECC) में आयोजित होगी। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 13 अक्टूबर को प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, राजस्थान उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।



'दंड नहीं, अब मिलेगा न्याय' — प्रदर्शनी की थीमप्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य आमजन को नई आपराधिक संहिताओं — भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 — की भावना और महत्व से अवगत कराना है। दंड की बजाय न्याय सुनिश्चित करने की अवधारणा को सरल रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। प्रौद्योगिकी और विधि विज्ञान के प्रयोग से न्याय प्रणाली में आए बदलावों को वीडियो, लाइव डेमो और लघु चलचित्रों के माध्यम से दिखाया जाएगा। समयबद्ध न्याय और सरल प्रक्रिया से आमजन को हुए लाभों को उजागर किया जाएगा। नागरिक एवं पीड़ित केंद्रित दृष्टिकोण को सशक्त बनाने के प्रयासों को प्रदर्शित किया जाएगा।

### ब्रीफ खबरें

#### ISI के लिए जासूसी, राजस्थान इंटेलिजेंस ने किया गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान इंटेलिजेंस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ISI के लिए जासूसी करने वाले शख्स अलवर निवासी मंगत सिंह को गिरफ्तार किया गया है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से ही शख्स पर नजर रखी जा रही थी, जिसके बाद अब उसे गिरफ्तार किया गया है। राजस्थान इंटेलिजेंस ने उसके खिलाफ शासकीय गुप्त बात अधिनियम, 1923 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।राजस्थान इंटेलिजेंस की ओर से बताया गया कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रदेश के सामरिक महत्व वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही थी। इसी दौरान अलवर के गोविंदगढ़ निवासी मंगत सिंह की गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं। अलवर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से सटा हुआ अतिसंवेदनशील और सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण



क्षेत्र है। जांच में सामने आया कि मंगत सिंह पिछले दो वर्षों से पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के हैंडलरों के संपर्क में था। वह सोशल मीडिया के जरिये संपर्क बनाकर सूचनाएं साझा कर रहा था। उसने खुद को एक महिला हैंडलर से जोड़ा, जो "ईशा शर्मा" के नाम से फर्जी पहचान बनाकर काम कर रही थी। हनीट्रैप और धन के लालच में मंगत सिंह ने अलवर की छावनी सहित देश के अन्य सामरिक स्थलों से जुड़ी संवेदनशील जानकारी साझा की।

#### एकल पट्टा मामले में हाईकोर्ट ने ACB कोर्ट की ऑर्डर शीट मंगाई

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने पूर्व मंत्री शांति धारीवाल व रिटायर आईएएस जीएस संधू सहित अन्य अफसरों के खिलाफ चर्चित एकल पट्टा मामले की सुनवाई कर रही एसीबी कोर्ट से आर्डर शीट मंगाई है। इसके साथ ही अदालत ने मामले की सुनवाई 1 नवंबर को तय की है। एक्टिंग सीजे एसपी शर्मा की विशेष एकलपीठ ने यह आदेश पूर्व मंत्री शांति धारीवाल, पूर्व आईएएस जीएस संधू, निष्काम दिवाकर और ओंकार मल सैनी की आपराधिक याचिकाओं पर संयुक्त रूप से सुनवाई करते हुए दिए। इससे पहले हाईकोर्ट ने 12 मई को राज्य सरकार की रिवीजन याचिका वापस लेने वाली अर्जी मंजूर कर दी थी। वहीं अशोक पाठक को इंटर्वीनर बनाते हुए मामले में पक्ष रखने व अदालत को सहयोग करने के लिए कहा था। राज्य सरकार ने जीएस संधू सहित तत्कालीन अधिकारियों के खिलाफ चल रहे मुकदमे को वापस लेने की अर्जी को एसीबी कोर्ट की ओर से खारिज करने के खिलाफ हाईकोर्ट में रिवीजन अर्जी दायर की थी। जिसे नए तथ्य सामने आने के आधार पर वापस लेने की अनुमति मांगी गई थी। सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी करने वाले अशोक पाठक ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने एसएलपी पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के 17 जनवरी 2023 और 15 नवम्बर 2022 के आदेश रद्द कर दिए थे। हाईकोर्ट ने 17 जनवरी के आदेश से तत्कालीन एसीएस जीएस संधू, डिप्टी सचिव निष्काम दिवाकर और जोन उपायुक्त ओंकारमल सैनी के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई बंद कर दी थी।

### अगले 5 दिनों में अधिकतम तापमान में 4 से 6 डिग्री तक वृद्धि की संभावना, कई इलाकों में सुबह-शाम हल्की ठंड

# दिवाली पर बारिश की संभावना बहुत ही कम

FAIR REPORT
जयपुर

पिछले 24 घंटों के दौरान राजस्थान में मौसम पूरी तरह शुष्क रहा। इस अवधि में राज्य का सर्वाधिक अधिकतम तापमान बाड़मेर में 35.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान सीकर में 15.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 5 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 4 से 6 डिग्री तक की वृद्धि होने की संभावना है, जबकि न्यूनतम तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है।

गुरुवार को पश्चिमी राजस्थान में बाड़मेर का न्यूनतम तापमान 22.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि सबसे कम तापमान नागौर में 16.8 डिग्री सेल्सियस रहा। बीकानेर में 20.9C, चूरू में 18.5C और श्रीगंगानगर में 19.6C तापमान दर्ज किया गया। वहीं पूर्वी राजस्थान में सीकर 15.5 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे ठंडा रहा, तो अजमेर में न्यूनतम तापमान 16.0C, पिलानी में 16.3C, दौसा में 16.4C और सिरोही में 16.9C रिकॉर्ड किया गया। जयपुर में न्यूनतम तापमान 19.4C और कोटा में 20.1C रहा।

मौसम विभाग के अनुसार राजस्थान में अब मानसून की विदाई अंतिम चरण में है। आगामी दो सप्ताह तक राज्य में बारिश की कोई बड़ी संभावना नहीं है। तापमान में उतार-चढ़ाव के साथ मौसम शुष्क बना रहेगा।

आगामी दो सप्ताह के दौरान राज्य के अधिकांश भागों में मौसम शुष्क रहने के प्रबल संकेत हैं। तापमान में यह गिरावट मानसून की विदाई के साथ मौसम में हो रहे बदलाव का संकेत दे रही है। राज्य के कई इलाकों में सुबह और देर शाम हल्की ठंडक महसूस की जा रही है।




#### अगले दो सप्ताह का पूर्वानुमान

16 अक्टूबर तक राजस्थान के अधिकांश भागों में मौसम शुष्क रहेगा। इस अवधि में बारिश सामान्य से कम रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान सामान्य से 1 से 2 डिग्री सेल्सियस नीचे रहने के आसार हैं, जबकि न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 1 से 2 डिग्री नीचे रह सकता है। वहीं दीपोत्सव के पास 17 से 23 अक्टूबर तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश सामान्य से कम रहने की संभावना है। इस दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य के आसपास रहने की उम्मीद है। फिलहाल मौसम शुष्क बना रहेगा।

#### अक्टूबर तक जमकर बरसे मेघ

पिछले सप्ताह के दौरान राज्य के कुछ स्थानों पर मेघगर्जन के साथ हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई, जबकि कुछ इलाकों में भारी वर्षा भी हुई। इस अवधि में राज्य में दीर्घावधि वर्षा औसत की तुलना में 646% अधिक वर्षा दर्ज की गई। राजस्थान में पिछले सप्ताह 3 अक्टूबर से 9 अक्टूबर के दौरान सामान्य से कहीं अधिक वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में औसतन 29.0 मिमी वर्षा हुई, जो सामान्य 3.9 मिमी की तुलना में 646 प्रतिशत अधिक है। पूर्वी राजस्थान में 35.0 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो सामान्य से 488 प्रतिशत अधिक रही।

ब्रीफ खबरें

## निवेश और वित्तीय प्रबंधन का ज्ञान समय की जरूरत : प्रो. राय



**सीकर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर में शुक्रवार को निवेश जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विवि के कॉमर्स एवं प्रबंधन विभाग, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के समक्ष दीप प्रज्ज्लन के साथ हुई। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह और शॉल भेंट किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय ने की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिए निवेश और वित्तीय प्रबंधन का ज्ञान भविष्य निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक है। राय ने कहा कि वित्तीय साक्षरता और निवेशक संरक्षण पर केंद्रित रहना आवश्यक है। सोशल मीडिया पर निवेशकों को जागरूक करने के लिए लगातार विज्ञापन आते रहते हैं। निवेश से पहले उत्पाद को समझें। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पंकज तंवर ने विद्यार्थियों को पूंजी बाजार, निवेश के सुरक्षित माध्यमों, जोखिम प्रबंधन और निवेशक सुरक्षा के विषय में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निवेश हमेशा सोच-समझकर और प्रमाणित स्रोतों से प्राप्त जानकारी के आधार पर ही करना चाहिए।

## दाढ़देवी मंदिर के पास वन विभाग ने 5 अवैध ढाबों को किया ध्वस्त



**कोटा।** वन विभाग की टीम ने शुक्रवार को दाढ़देवी मंदिर के बाहर स्थित पांच अवैध रूप से संचालित ढाबों पर कार्रवाई की। पीला पंजा चलाकर इन ढाबों को ध्वस्त किया गया और वन भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को हटाया गया। टीम दोपहर में मौके पर पहुंची और एक के बाद एक कार्रवाई पूरी की गई। कोटा मंडल के उपवन संरक्षक अपूर्व कृष्ण श्रीवास्तव ने बताया कि लाडपुर रेंज के दाढ़देवी में दाढ़देवी माताजी मंदिर के पास अतिक्रमियों ने वन भूमि पर पांच अवैध ढाबे चला रखे थे। यह क्षेत्र प्राचीन और पवित्र मंदिर का है, जहां श्रद्धालु आते हैं। खासकर महिला श्रद्धालुओं को इन ढाबों की वजह से परेशानी होती थी। नवरात्र और अन्य विशेष आयोजनों के दौरान अवैध गतिविधियों से कानून व्यवस्था में भी व्यवधान उत्पन्न होता था। वन विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि यहां शराब, मीट और अन्य अवैध सामग्री की बिक्री हो रही है। ढाबों के मालिकों को नोटिस दिए गए थे, लेकिन उन्होंने वन भूमि खाली नहीं की। शुक्रवार को पुलिस प्रशासन की मदद से कार्रवाई की गई।

## सफाई कार्य के चलते इस दिन बंद रहेंगे श्याम बाबा के कपाट



**सीकर।** विश्व प्रसिद्ध बाबा श्याम के भक्तों के लिए बड़ी अपडेट है। दीपावली पर्व से पहले आम भक्तों के लिए खाटूश्याम जी मंदिर बंद रहने वाला है। इसको लेकर श्री श्याम मंदिर कमेटी ने सूचना जारी की है। सूचना के अनुसार कई घंटों के लिए खाटूश्यामजी का मंदिर बंद रहेगा। श्री श्याम मंदिर कमेटी के मंत्री मानवेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि खाटूश्यामजी में विशेष साफ-सफाई एवं साज-सज्जा कार्य किया जाएगा। इस कारण मंदिर प्रशासन ने आम दर्शनार्थियों के लिए कपाट अस्थायी रूप से बंद रखने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि मंदिर के कपाट 12 अक्टूबर को रात्रि 10 बजे बंद होंगे। इसके बाद 13 अक्टूबर को सांयकाल 6 बजे से फिर भक्तों के लिए कपाट खोले जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस अवधि में मंदिर परिसर, गर्भगृह और आस-पास के क्षेत्र में दीपावली की तैयारियों के तहत सफाई, रंगाई-पुताई और सजावट का कार्य किया जाएगा। मंदिर प्रशासन ने सभी श्याम भक्तों से अपील की है कि वे इस अवधि में दर्शनों के लिए नहीं आएं और निर्धारित समय के बाद ही दर्शन करने के लिए पधारें। मंदिर कमेटी के अनुसार, यह व्यवस्था भक्तों की सुविधा और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है। सफाई पूरी होने के बाद 13 अक्टूबर की शाम को नियमित रूप से कपाट खोले जाएंगे और भव्य आरती के साथ दर्शन प्रारंभ होंगे।

## थाने में घुसकर पुलिस पर पथराव, 10 महिलाओं समेत 13 गिरफ्तार



**धौलपुर।** सैपऊ थाने में घुसकर पुलिस कर्मियों पर हमला करने के मामले में 10 महिलाओं सहित 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को शुक्रवार को अदालत में पेश किया, जहां से सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। सीओ अनूप कुमार यादव ने बताया कि गुरुवार को सैपऊ पुलिस की एक टीम तसीमों गांव में एक वांछित आरोपी निरोती लाल को गिरफ्तार करने गई थी। पुलिस जब उसे वाहन में बैठाने लगी तो आरोपी के परिजन दुर्ग सिंह ने बड़ी संख्या में महिलाओं और युवकों को इकट्ठा कर विरोध शुरू कर दिया और आरोपी को छुड़ा लिया। यही भीड़ सैपऊ पुलिस थाने पहुंच गई। थाने के अंदर घुसकर लोगों ने पुलिस कर्मियों पर पथराव किया। पुलिस की वर्दी और सरकारी दस्तावेज फाड़ दिए। महिलाओं ने हाथों में ईंट-पत्थर लेकर कमरों के गेट तोड़ने का प्रयास किया। करीब आधे घंटे तक थाने में उत्पात मचा रहा। मामले की सूचना मिलने पर सीओ अनूप कुमार यादव मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद स्थिति को नियंत्रित किया।

### अपनाघर आश्रम : करवा चौथ पर हर साल सजती हैं सजना के लिए रखती हैं निर्जला व्रत...

# 123 महिलाओं को पति आने का बेसब्री से इंतजार

FAIR REPORT
**भरतपुर**

अपना घर आश्रम भरतपुर के स्प्रीचुअल पार्क में शुक्रवार को करवाचौथ पर्व मनाया गया। घर, परिवार, पति सब कुछ है, लेकिन मानसिक हालत एवं विभिन्न शारीरिक हालतों ने साथ नहीं दिया तो रिश्तों ने भी विसरा दिया। भरतपुर के अपना घर आश्रम में 3412 महिला प्रभुजी हैं, जिन्हें देश के विभिन्न स्थानों से अस्वस्थ हालत में लाकर अपनाघर में भर्ती किया गया, जो सेवा व उपचार से लगभग स्वस्थ हो चुकी हैं। इनमें से 123 से अधिक माता-बहिनों के साथ इतना सब कुछ घटित होने के बाद भी पति के प्रति समर्पण कम नहीं हुआ है। इसलिए हर साल करवा चौथ पर पति की दीर्घायु के लिए निर्जला व्रत रखती है। आश्रम सचिव बसंतलाल गुप्ता ने बताया कि महिला प्रभुजी ने विधि विधान के साथ करवा चौथ मनाई, क्योंकि इन्हें लगता है कि कभी तो उन्हें इस व्रत का फल मिलेगा। इनके अंदर आज भी उम्मीदों का चिराग जिंदा है, पति से अधिक परमात्मा पर भरोसा कर रही हैं। ये महिला प्रभुजी कहती हैं कि उनका व्रत एवं आस्था की चिंगारी किसी दिन पति के दिल तक अवश्य पहुंचेगी। परमात्मा के यहां देर हो सकती है पर अंधेर नहीं है।



### आस्था के साथ उम्मीद का दामन

अपना घर में 11 साल से रह रही प्रभुजी मंजू और 5 साल से व्रत कर रही प्रिया हर साल पति की लंबी आयु के लिए करवाचौथ का व्रत रखती है, इन्हें उम्मीद है कि एक न एक दिन उनके पति उन्हें लेने अपना घर आश्रम जरूर आएंगे। इसी कामना के साथ ये महिला प्रभुजी करवाचौथ का व्रत रखती हैं और कहती हैं कि उनके पति कभी-कभार फोन पर बात कर लेते हैं। उनके लिए यही काफी है। आज नहीं तो कल उनके (पति) मन में प्रेम जगेगा।

इससे पहले निर्जला व्रत कर रही आश्रम की सभी महिला प्रभुजियों ने मेहंदी लगाई और श्रृंगार किया। चुंदडी परिधान पहनकर दोपहर में चौथ माता की कहानी सुनी। बाद में ढोलक की थाप पर सुहाग गीत, भजन और लोकगीत गाकर नृत्य भी किया। रात को चांद दिखने पर महिलाओं ने अर्ध्य देकर व्रत खोला। इस मौके पर महिला प्रभुजनों के लिए विशेष भोजन प्रसादी भी बनवाई गई।

### रूलानिया हत्याकांड : मुख्य आरोपियों को लेकर मिले अहम सुराग

# पुलिस ने हत्या के सात सह-आरोपियों को किया अरेस्ट

FAIR REPORT
**कुचामन सिटी**

यहां व्यापारी रमेश रूलानिया हत्याकांड में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने हत्याकांड को अंजाम देने वाले चार आरोपितों के 7 सहयोगियों को गिरफ्तार किया। यह सभी आरोपी हत्याकांड के षड्यंत्र में शामिल थे। साथ ही बदमाश जिस स्कॉर्पियो गाड़ी से हत्याकांड को अंजाम देने पहुंचे थे, उसे भी पुलिस ने जब्त कर लिया है।

इसके अलावा पुलिस ने घटना के मुख्य आरोपियों गणपत गुर्जर, महेश गुर्जर, धर्मेंद्र उर्फ देवा और जुबेर अहमद की पहचान कर ली है। एसपी ऋच्चा तोमर ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में बताया कि हत्याकांड के बाद पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों की टीमों ने आरोपितों की तलाश शुरू की। इस दौरान कई संदिग्धों से पूछताछ की गई।



**वारदात में सहयोगी बने पकड़े गए**

इस दौरान वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों के सहयोगी सफीक खान, किशन लाल गुर्जर, खुशीराम, दिनेश, रामकेश, राम सिंह और पावन चारण तक पहुंचने में पुलिस कामयाब हुई। जिसके बाद 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। एसपी ने बताया कि इस हत्याकांड को अंजाम देने की सुपारी पवन चारण ने ली थी।

### मुख्य आरोपियों की हुई पहचान

एसपी ने बताया कि हत्याकांड को अंजाम देने वाले चारों आरोपियों की पहचान हो चुकी है। उन पर 25000 का इनाम घोषित किया गया है। फरार चारों आरोपितों के बारे में पुलिस को कई अहम सुराग मिले हैं। पुलिस की कई टीमें प्रदेश भर के अनेक अलग-अलग जिलों में भेजी गई है, जो लगातार आरोपितों की तलाश में जुटी हुई है। एसपी ने बताया कि इस हत्याकांड को अंजाम देने वाले आरोपियों को सहयोग देने वाले या उन्हें शरण देने वाले लोगों पर भी पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी। उन्होंने बताया कि कुचामन सिटी के कारोबारी रमेश रूलानिया की 7 अक्टूबर को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के वक्त वे जिम में वर्कआउट करने गए थे।

## बाईपास पर बाइक समेत युवक की जलने से मौत



**सीकर।** दिल्ली बाईपास हाईवे पर चित्रकूट बालाजी मंदिर के पास शुक्रवार सुबह युवक बाइक समेत जली हालत में मृत मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव मोर्चरी पहुंचाया और बाइक के नम्बर के आधार पर युवक की पहचान की। युवक की पहचान दयाचंद (35) पुत्र हनुमान राम जाट वार्ड नंबर 47 बूबना कुआं के पास फतेहपुर के रूप में हुई। पुलिस ने एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया और साक्ष्य जुटाए। कोतवाली थाना अधिकारी सुरेंद्र सिंह देगड़ा ने बताया कि उन्हें सुबह किसी व्यक्ति ने फोन पर घटना की सूचना दी। पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची तो वहां एक बाइक के साथ युवक का जला शव मिला। मृतक का शरीर नीचे से पूरी तरह जल चुका था। मोटरसाइकिल भी आधे से ज्यादा जल गई थी। पुलिस अब पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह दुर्घटना है, आत्महत्या है या हत्या का मामला।

## चौथ माता मंदिर में उमड़ा सुहागिनों का सैलाब, जयकारों से गूंजी पहाड़ी

FAIR REPORT
**सवाई माधोपुर**

जिले के चौथ का बरवाड़ा स्थित प्रसिद्ध चौथ माता मंदिर में शुक्रवार को करवाचौथ पर श्रद्धा का अनूठा दृश्य देखने को मिला। सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु, विशेषकर सुहागिन महिलाएं, माता के दर्शन और आशीर्वाद के लिए पहुंची। एक हजार फीट ऊंची पहाड़ी पर विराजमान माता के दरबार में श्रद्धालु 'जय चौथ माता' के जयकारे लगाते हुए नजर आए। यह मंदिर पूरे देशभर में अपनी मान्यताओं के लिए विख्यात है। मान्यता है कि चौथ माता भक्तों की हर मनोकामना पूरी करती हैं और कोई भी भक्त उनके दरबार से खाली हाथ नहीं लौटता। संतान प्राप्ति से लेकर सुख-समृद्धि तक, भक्त हर कामना लेकर माता के पास आते हैं।



सुहागिन महिलाओं में माता के प्रति विशेष आस्था देखी जाती है, जो उनसे अपने पति की लंबी उम्र और सुहाग की रक्षा की कामना करती हैं। हिंदी महीनों की प्रत्येक चतुर्थी (चौथ) को यहां भक्तों का जमावड़ा लगता है, लेकिन करवा चौथ के दिन तो मानो आस्था का सैलाब ही उमड़ पड़ता है। इस दिन महिलाएं व्रत रखकर माता के दर्शन करती हैं और शाम को चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद ही अपना व्रत खोलती हैं। ऐसी मान्यता है कि इस व्रत से उनके पति की आयु लंबी होती है।

## खाद वितरण में हंगामा, टोकन लेने पहुंचे किसानों पर लाठीचार्ज

FAIR REPORT
**हनुमानगढ़**

जिले के भादरा में डीएपी खाद वितरण को लेकर शुक्रवार को अफरा-तफरी मच गई। टोकन लेने पहुंचे किसानों पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया, जिससे मौके पर हड़कंप मच गया। करवा चौथ के दिन बड़ी संख्या में किसान और महिलाएं डीएपी खाद के टोकन लेने के लिए सुबह से ही लाइन में खड़े थे। लेकिन टोकन वितरण शुरू होने से पहले ही भीड़ को नियंत्रित करने के नाम पर पुलिस ने लाठियां भांज दी।

सुबह से ही सैकड़ों किसान भादरा के वितरण केंद्र पर जमा हो गए थे। कई महिलाएं भी करवा चौथ के बावजूद टोकन लेने पहुंचीं, ताकि समय पर खाद मिल सके। किसानों का कहना है कि टोकन वितरण की व्यवस्था बेहद अव्यवस्थित थी। कई घंटे तक इंतजार के बाद भी जब किसानों को टोकन नहीं मिले, तो नाराजगी बढ़ने लगी।



इसी बीच पुलिसकर्मियों ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज कर दिया। इस कार्रवाई में कई किसानों को चोटें भी आई और भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। किसानों ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अतिवृष्टि के कारण वे पहले से ही भारी नुकसान झेल रहे हैं। ऐसे में डीएपी खाद की आपूर्ति में अव्यवस्था और लाठीचार्ज ने उनकी परेशानी को बढ़ा दिया है।

### ऑटोमेटिक बदलेगी उस दिशा की रेड लाइट जिस ओर वाहनों की संख्या होगी अधिक, सेंसर से निगरानी

# उदयपुर के इस चौराहे पर ट्रैफिक मैनेजमेंट संभालेगा एआई

FAIR REPORT
**उदयपुर**

झीलों की नगरी उदयपुर के ट्रैफिक प्रबंधन को स्मार्ट और सुगम बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। शहर के फतहपुरा चौराहे पर अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया है, जिससे देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को भी राहत मिलने की उम्मीद है। डीएसपी ट्रैफिक अशोक आंजना के अनुसार यह सिस्टम चौराहे पर लगे कैमरों और सेंसर की मदद से हर लेन के ट्रैफिक दबाव की वास्तविक समय में निगरानी करेगा। एआई उस दिशा की रेड लाइट को स्वचालित रूप से ग्रीन सिग्नल में बदल देगा, जिस ओर वाहनों की संख्या अधिक होगी। इससे ड्राइवरों को अनावश्यक रूप से लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। वर्तमान में उन्हें लगभग 60 सेकंड तक रुकना पड़ता है। किसी लेन में वाहन नहीं होंगे, तो सिस्टम लगभग 5 सेकंड तक प्रतीक्षा करने के बाद स्वतः ही अगली लेन को ग्रीन सिग्नल दे देगा। यह अत्याधुनिक सिस्टम एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसे आपातकालीन वाहनों की पहचान कर उन्हें तुरंत प्राथमिकता देगा और संबंधित दिशा का सिग्नल हरा कर देगा, ताकि ये वाहन बिना किसी रुकावट के गुजर सकें। इस पूरे एआई ट्रैफिक सिस्टम को एक मोबाइल एप्लिकेशन के जरिए नियंत्रित किया जा सकेगा।



### मोबाइल एप से कंट्रोल होगा सिस्टम

पूरा सिस्टम मोबाइल एप से नियंत्रितहोगा। अधिकारी रीयल-टाइम में किसी भी सिग्नल की स्थिति देख सकेंगे और जरूरत पड़ने पर मैन्युअल रूप से हस्तक्षेप भी कर सकेंगे। एक चौराहे पर इस एआई सिस्टम को लगाने में करीब 10 लाख रुपए का खर्चा आएगा। ट्रायल के दौरान सिस्टम के रिजल्ट का तकनीकी मूल्यांकन किया जाएगा। ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम की संयुक्त टीम इसके प्रदर्शन की समीक्षा करेगी। यदि परिणाम संतोषजनक रहे, तो आने वाले महीनों में शहर के प्रमुख चौराहों सूरजपोल, चेतक सर्कल और दिल्ली गेट पर भी इसे लागू करने की योजना है। नई तकनीक सिर्फ ट्रैफिक कंट्रोल तक सीमित नहीं है। एआई सिस्टम में विशेष साउंड सेंसर भी लगाए गए हैं, जो एंबुलेंस या फायर ब्रिगेड की सायरन आवाज पहचान लेंगे। सिस्टम स्वत: उस दिशा का सिग्नल ग्रीन कर देगा, जिससे आपात वाहन बिना रुकावट आगे बढ़ सकें। बताते चलें कि फतहपुरा चौराहे पर तकनीकी टीम लगातार ट्रैफिक पैटर्न का डेटा रिकॉर्ड कर रही है। विशेषज्ञों का मानना है, यदि यह प्रयोग सफल रहता है तो यह राजस्थान का पहला पूर्ण एआई ट्रैफिक कंट्रोल मॉडल बन सकता है, जो भविष्य में अन्य शहरों के लिए भी उदाहरण बनेगा।

## Questions Raised Over Municipal Council Contracts

# Garbage Collection in Disarray, Corruption ALLEGATIONS HEAT UP POLITICS

FAIR REPORT



**Chittorgarh:** The city's sanitation system has once again become the focal point of political debate. Alleging irregularities in the Municipal Council's contractual works, former chairman Sandeep Sharma and several Congress councillors met the Municipal Commissioner on Friday and levelled serious allegations of corruption. They claimed that the door-to-door garbage collection system has completely collapsed and corruption within the council has reached alarming levels.

Former chairman Sandeep Sharma revealed that the Municipal Council issues a monthly work order worth 18.33 lakh for door-to-door garbage collection, under which 42 auto-tippers and three e-rickshaws are supposed to be deployed. However, on the ground, only 14–15 auto-tippers are operational, and not a single e-rickshaw is in service. Sharma described the situation as an open loot of public tax money.

According to Sharma, approximately 11 lakh of corruption is taking place every month in the contract, amounting to 1.32 crore annually. He alleged that the nexus between officials, contractors, and certain influential political figures enables this malpractice. He suggested that GPS systems be installed in all auto-tippers to track their location and working hours, ensuring accountability and transparency.

Congress councillors stated that when they asked the Commissioner about the number of vehicles currently working, he was unable to give a clear answer. Departmental officials, too, failed to provide concrete information. The councillors said this reflects the lack of transparency and accountability within the entire system.

They further alleged that the failure to clean drains has led to filth and foul smells spreading across the city. Many drains have remained clogged since the monsoon. Traditionally, a special cleanliness drive is carried out before Diwali every year, but this time there appears to be no preparation at all.

Sharma said that with Diwali approaching, while residents are busy cleaning their homes, the Municipal Council has not taken any initiative. Garbage heaps are piling up across the city, lanes are filled with stench, and mosquito and fly infestations are increasing. He added that the situation not only tarnishes the city's image but also poses a serious health risk to citizens.

Congress councillors alleged that the contractor is being paid for all 42 vehicles even though barely half of them are operational. They said negligence by officials and the arbitrary attitude of contractors have brought the entire system to a standstill. They demanded that the complete records of the contracting company be scrutinized and that GPS systems be made mandatory in every vehicle to ensure transparency. The councillors asserted that the Municipal Council could make the system transparent if it wished, but deliberate inaction is being maintained.

Former chairman Sandeep Sharma warned that if a prompt investigation and corrective measures are not undertaken, Congress councillors will stage a sit-in protest at the Municipal Council gate.

## Udaipur to host National conference on 14&15 October

FAIR REPORT

**UDAIPUR:** Udaipur is set to host another major national event as the city of lakes will witness the National Conference of Tourism Ministers from various states on October 14 and 15. The two-day conference will take place at Hotel Marriott, Badi Road, where governors from several states, lieutenant governors of union territories, the Union Tourism Minister, state tourism ministers, and senior officials from the Government of India and the Rajasthan Government will participate. Rajasthan will be represented by Deputy Chief Minister Diya Kumari.

District Collector Namit Mehta held a meeting with officials of various departments to review preparations and issued necessary instructions. He emphasized that the arrangements should reflect the prestige of Udaipur as a renowned tourism city. He directed that a help desk and medical team be stationed at the airport for welcoming guests. The Urban Improvement Trust (UDA) has been instructed to repair and beautify the road leading from the airport to the venue. Publicity for the event will be carried out through banners, posters, and hoardings at important intersections and along VVIP routes. Considering the possibility of conference delegates visiting tourist destinations in the city, the Collector asked concerned departments to ensure all necessary facilities. For protocol and security, police administration has been instructed to deploy adequate personnel at the venue and key locations.

## District Collector Holds Night Chaupal at Kannauj Gram Panchayat Headquarters, Hears 26 Public Grievances

FAIR REPORT




**Chittorgarh-**A night chaupal and public hearing were organized on Thursday night at the headquarters of Kannauj Gram Panchayat under Bhadesar Panchayat Samiti, chaired by District Collector Alok Ranjan. A total of 26 cases were received during the chaupal, most of which were resolved on the spot, while the remaining matters were directed to be addressed by the concerned departments within seven to ten days. Before the public hearing, Collector Ranjan attended a felicitation ceremony held in the school premises, where he honored meritorious students and talented athletes with mementos and appreciation certificates. During the interaction, a student, Aarti Acharya, asked the District Collector how he reached such a position. In response, Ranjan motivated the students by saying, "Spend less time on mobile phones, read newspapers, study subjects in depth, and keep putting in consistent effort—success will naturally follow." The student also presented the Collector with a handmade photo painting.

During the night chaupal, the District Collector listened attentively to each grievance and issued necessary directions on the spot. When villagers complained about receiving water supply only once in 48 hours, the Collector instructed the Water Supply Department to ensure daily water availability in the village. Addressing the issue of waterlogging in the playground, he directed the Public Works Department to inspect the site and start improvement work promptly using DMFT funds. Responding to the Panchayat's request for converting government land within the habitation area, the Collector instructed the Sub-Divisional Officer and Tehsildar to investigate and take necessary action. He also sought information from the Food and Civil Supplies Officer regarding food security, LPG connections, and the NFSA scheme in the village.

During the chaupal, villagers raised issues such as electricity connections, school boundary wall construction, toilet building, repair of the Sanwaliyaji–Asawara road, opening of an Annapurna Rasoi near Bheruji Temple in Bhadesar, removal of encroachments from roads, and improvement of drainage systems. On these matters, the Collector directed concerned departments to take immediate action.

He also reviewed various government schemes with the attending officers and instructed them to ensure that maximum rural beneficiaries receive the intended benefits. n this occasion, Chief Executive Officer Vinay Pathak, Sub-Divisional Officer Rajni Meena, Tehsildar Shiv Singh Shekhawat, Development Officer Anil Tailor, Panchayat Administrator Manju Devi, Girdharilal, and officials from Education, Health, Water Resources, and Horticulture departments, along with a large number of villagers, were present.

## Haryana IPS officers anguished over suicide of Puran Kumar

FAIR REPORT

**Chandigarh:** The IPS Officers' Association (Haryana Cadre) on Friday expressed deep grief and condolences over the sudden and untimely demise of senior police officer Y. Puran Kumar, IPS.

The association prayed to the Almighty for the eternal peace of the departed soul and extended heartfelt sympathies to the bereaved family. A delegation led by Hardeep Singh Doon, IPS, Additional Director General of Police (Telecom, Highways and Traffic), visited the residence of the late officer's wife, Amneet P. Kumar, IAS, to personally convey their condolences.

On this occasion, senior police officers assured the family of all possible support and assistance. Members of the IPS Officers' Association gathered to pay homage to the departed soul by observing two minutes of silence. The association stands firmly with the bereaved family in this hour of grief and prays to the Almighty to grant eternal peace to the departed soul and strength to the family to bear this irreparable loss. Haryana's Inspector General of Police (IG) Y. Puran Kumar, an IPS of the 2001 batch, allegedly shot himself on Tuesday at his residence in Sector 11 in Chandigarh. Police said Puran Kumar allegedly shot himself with his service revolver, and his body was found by his daughter in the basement. Chandigarh SSP Kanwardeep Kaur told the media that information regarding a reported suicide was received from House No. 116, Sector 11, Chandigarh, around 1.30 p.m. As per reports, Kumar took the gun from a gunman on Monday. Last month, Kumar was transferred to Sunaria Jail in Rohtak, the same jail where Dera Sacha Sauda chief Ram Rahim is serving his sentence in the case of sexual exploitation of sadhvis.

## Dispose of Pending Cases Promptly — IGP Gaurav Srivastava

# Udaipur Range IGP Gives Strict Directions to Police Officers During Crime Review Meeting

FAIR REPORT



**Chittorgarh:** Udaipur Range Inspector General of Police (IGP) Gaurav Srivastava held a crime review meeting with district police officers at the Chittorgarh Police Lines on Thursday. During the session, he directed officials to expedite the disposal of pending cases, intensify the arrest of wanted criminals, accelerate the clearance of seized property (malkhana) items, and strengthen law and order in the district. Upon his arrival at the Police Lines, IGP Srivastava was welcomed by Superintendent of Police (SP) Manish Tripathi and given a ceremonial guard of honor. Later, he interacted with all district police officers, reviewed their respective areas, and sought details on the crime situation.

SP Manish Tripathi informed that the IGP, while addressing officers at the Investigation Building, instructed that all pending cases be resolved swiftly to reduce the pendency rate. He further directed that special teams be formed to raid the hideouts of wanted criminals with adequate police force and take strict action against illegal activities. IGP Srivastava also emphasized the speedy disposal of old, minor, and court-decided case property lying in police station malkhanas. He instructed officers to file petitions in the concerned courts to expedite the clearance process and free up storage space. While reviewing the law-and-order situation, Srivastava said maintaining communal harmony and peace must remain a top priority. He urged officers to keep a close watch on anti-social elements, strengthen the intelligence network, and remain extra vigilant during processions and public gatherings.

The IGP further stated that strict action is necessary to curb organized crime and drug trafficking across Chittorgarh and the Udaipur Range. He encouraged officers to enhance policing efforts and contribute towards making the district crime-free.

Highlighting road safety, he directed that wearing helmets be made mandatory for two-wheeler riders and that strict action be taken against those driving under the influence of alcohol. He also instructed prompt disposal of pending cases related to weaker sections, property-related crimes, and vehicle thefts, particularly those pending for more than a year.

Underlining the importance of the "Operation Sudarshan Chakra" being run by the Range Headquarters, Srivastava urged officers to ensure maximum arrests of wanted criminals and make the campaign a success.

The meeting was attended by SP Manish Tripathi, ASP Sarita Singh, ASP (Rawatbhata) Bhagwat Singh, ASP (Sikau) Mukesh Sankhla, DSP Vinay Chaudhary, Rural DSP Shivprakash, DSP (Gangrar) Rameshwar Lal, DSP (Nimbahera) Badri Lal, DSP (Kapasan) Harji Lal, DSP (Bhadesar) Anil Sharma, DSP (Rawatbhata) Kamal Prasad, and all the IGP's staff officer, and all station house officers and police staff of the district.

## Maha govt to set standards for app-based services under new rules: Minister

FAIR REPORT

**Mumbai:** In a bid to bring in greater discipline, transparency and passenger safety in app-based transport services, including Ola, Uber and Rapido, the Maharashtra government, on Friday, promulgated the "Maharashtra Motor Vehicle Aggregator Rules, 2025, and Maharashtra Bike-Taxi Rules, 2025". The state government proposes to set new standards for all these app-based transport services. The state government has sought objections and suggestions from the people till October 17 and thereafter these draft rules will come into effect, the State Transport Minister Pratap Sarnaik said.

"These new rules will make the relationship between aggregator companies, drivers, and passengers more transparent, and will bring significant changes in terms of fares, service quality, driver's rights and passenger safety. These rules will apply to all passenger motor vehicle aggregators, including e-rickshaws, Ola and Uber. Also a separate "Maharashtra Bike-Taxi Rules, 2025" will remain applicable for bike-taxi services and a separate license will have to be obtained for the same," Minister Sarnaik added.As per these rules, the state transport authority (per district) will be issued a license for Rs 10,00,000 and renewal of license will be for Rs 25,000 and Regional Transport Authority (per district) will charge Rs 2,00,000 for issuance of license and Rs 5,000 for renewal, the government statement said.

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005• Editor and Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act. **Contact for news or Advertisement Fairreportjaipur@gmail.com**